महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 14.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

अग्नि शमन स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि, जागरुकता प्रचार वाहन को दिखाई गयी हरी झण्डी-

फायर सर्विस कर्मी हर दिन आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की भी फिक्र नहीं होती, फिक्र होती है तो उन्हें सिर्फ उस जलते मंजर या फिर उसमें धधकती जिंदगी को बचाने की।

ऐसी ही एक घटना **14** अप्रैल **1944** दिन शुक्रवार को हुई जब विक्टोरिया डाक मुंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा फोर्ट स्टीफन के मालवाहक पानी का जहाज लपटों के आगोश में समा गया आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के सैंकडों अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने ज्वाला पर आग काबू करने का संपूर्ण प्रयत्न किया अथक प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इस दौरान **66** बहादुर फायर कर्मियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी इन्ही अमर शहीदों की याद में 14 अप्रैल को संपूर्ण देश में “राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस” मनाया जाता है यह दिन उन बहादुर **66** फायर कर्मियों को समर्पित है।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2026 को राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वंदना सिंह द्वारा फायर स्टेशन महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा महेन्द्र सिंह की उपस्थिति में शहीद हुये अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं फायर स्टेशन के कर्मचारियों को फ्लैग पिन किया गया तथा नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानी बरतने के संबंध में जागृत करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर "**अग्निशमन सेवा सप्ताह**" (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) का शुभारम्भ करते हुए प्रचार वाहन को रवाना किया गया। अग्निशमन से सम्बन्धित जागरुकता वाहन के द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीडभाड वाले स्थानों में जाकर आमजनमानस को अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरुक किया गया।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में जनपद महोबा में कुल 525 फायर कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें 494 अग्निकाण्ड एवं 31 जीवन रक्षा कॉल शामिल थी, जिसमें से 32 व्यक्तियों एवं 13 पशुओं को फायर सर्विस के बहादुर और साहसी कर्मियों द्वारा बचाया गया है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में अब तक कुल 130 फायर काल प्राप्त हुई हैं जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए क्षति से बचाया गया है।

भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार के निर्देशानुसार अग्निसुरक्षा सप्ताह का संकल्प (थीम) है...।

“एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें”

(UNITE TO IGNITE, A FIRE SAFE INDIA)

“भारत रत्न” सविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके द्वारा समाज उत्थान के लिये किये गये कार्यो एवं विचारों को याद किया गया-

आज दिनांक- 14 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, इस अवसर पर बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण, सामाजिक समानता, शिक्षा और महिलाओं, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया तथा उनके विचारों और सिद्धांतों को अपनाने तथा समाज में समानता और न्याय के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये, थाना में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने कर्तव्यों में अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई।